# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

## 29वीं बिहार न्यायिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश

विज्ञापन संख्या 01/2016, 29वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 13.08.2016 को आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर दिनांक 03.02.2017 को प्रकाशित परीक्षाफल में सफल घोषित उम्मीदवारों की कुल संख्या – 1833 है, और जिनमें सामान्य कोटि (01) के 1321, अनुसूचित जाति (02) के 199, अनुसूचित जनजाति (03) के 12, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) के 217, पिछड़ा वर्ग (05) के 72 एवं अस्थि निःशक्त के 12 उम्मीदवार हैं, से मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। मुख्य (लिखित) परीक्षा के आयोजन की तिथि एवं अवधि के सम्बन्ध में अलग से सूचना दी जायेगी।

चयन की प्रक्रिया :– नियुक्ति हेतु चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

(क) लिखित परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम निम्नवत् हैः–

परीक्षा के अनिवार्य विषय

| क्र.सं. | विषय | विषय कोड | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य ज्ञान (सामयिक घटनाओं सहित) (General Knowledge including current affairs) | 01 | 150 |
| 2. | प्रारंभिक सामान्य विज्ञान (Elementary General Science) | 02 | 100 |
| 3. | सामान्य हिन्दी (General Hindi) | 03 | 100 |
| 4. | सामान्य अंग्रेजी (General English) | 04 | 100 |
| 5. | साक्ष्य एवं प्रक्रिया विधि (Law of Evidence & Procedure) | 05 | 150 |

सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी पत्र में 30 अंक न्यूनतम योग्यता प्रदायी होगा जिसे नहीं प्राप्त करने पर उम्मीदवार को लिखित परीक्षा हेतु योग्यता प्राप्त नहीं माना जायेगा। सामान्य हिन्दी एवं सामान्य अंग्रेजी के प्राप्तांक मेधा सूची में नहीं जोड़े जायेंगे।

परीक्षा के ऐच्छिक विषय

**उम्मीदवारों को मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु निम्नांकित पाँच वैकल्पिक विषयों में से उन्हीं तीन वैकल्पिक विषयों के साथ शामिल होने की अनुमति दी जायेगी, जिनका उल्लेख उम्मीदवारों द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा के अपने ऑनलाइन आवेदन में किया गया है। उम्मीदवार द्वारा अंकित वैकल्पिक विषय को बदलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**

| क्र.सं. | विषय | विषय कोड | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 6. | भारत की संवैधानिक एवं प्रशासनिक विधि (Constitutional & Administrative Law of India) | 06 | 150 |
| 7. | हिन्दू विधि और मुस्लिम विधि (Hindu Law & Mohammadan Law) | 07 | 150 |
| 8. | संपत्ति अंतरण विधि (Law of Transfer of Property) और साम्य सिद्धान्त (Principle of Equity), न्याय विधि–विशिष्ट और अनुतोष (Law of Trusts and Specific Relief) सहित | 08 | 150 |
| 9. | संविदा और अपकृत्य विधि (Law of Contracts & Torts) | 09 | 150 |
| 10. | वाणिज्य विधि (Commercial Law) | 10 | 150 |

(ख) भाषेत्तर विषयों का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में से किसी एक ही भाषा में दिया जाना होगा।

(ग) लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए 100 अंकों का साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण आयोजित किया जायेगा। साक्षात्कार के लिए न्यूनतम योग्यता प्रदायी अंक 35% होगा।

(घ) लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार की जायेगी।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या–8390, दिनांक 26.08.2010 के आलोक में असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के संवर्ग का कोई पदाधिकारी यदि सेवा के तीन वर्ष पूरा होने के पूर्व सेवा छोड़ देता है या सेवा त्याग देता हे तो उस अवधि के लिए संदत्त प्रशिक्षण का खर्च एवं परिलब्धियाँ उससे वसूलनीय होंगी।

### आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश

1. 29वीं बिहार न्यायिक सेवा मुख्य (लिखित) परीक्षा के आवेदन पत्र का प्रपत्र आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल उम्मीदवार मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र (ए–4 आकार– 210×297 मिमी॰ के मोटे कागज पर) को डाउनलोड कर व्यवहार में लायें।
2. **लिफाफा:**
   लिफाफा के ऊपर 29वीं बिहार न्यायिक सेवा (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा अनिवार्य रूप से अंकित करें। उसपर अपना अनुक्रमांक, नाम एवम् पूरा पता अंकित करें।
3. **शुल्क:**
   केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 200/– (दो सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 250/– (दो सौ पचास) रूपये तथा अन्य के लिए 750/– (सात सौ पचास) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 800/– (आठ सौ) रूपये चालान के माध्यम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करें। उक्त चालान आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है। **चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन के साथ निश्चित रूप से संलग्न करें तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखें।**
4. **अन्य:**
   (i) आवेदन के साथ सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, बार काउन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से विधि स्नातक की डिग्री का प्रमाण पत्र एवं जन्म तिथि के निमित्त मैट्रिक प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, जो स्वअभिप्रमाणित हो, संलग्न करें।
   (ii) **आवेदन के साथ उम्मीदवार को आचरण प्रमाण पत्र उस संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय का संलग्न करना होगा जहाँ उम्मीदवार अंतिम रूप से अध्ययनरत रहे हों, की स्वअभिप्रमाणित संलग्न करें।**
   (iii) उम्मीदवार का स्वास्थ्य, शरीर–रचना, आदत एवं चरित्र न्यायिक सेवा के दायित्वों की पूर्ति के लिए उपयुक्त होना चाहिए।
   (iv) **अपूर्ण, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं होगा।**
5. **अंतिम तिथि:**
   (i) **भरा हुआ आवेदन केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेंजे कि मंगलवार, दिनांक 03 मार्च 2017 को 5.00 बजे अपराह्न तक अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।**
   (ii) **यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन आयोग में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इसके लिए आयोग कतई जिम्मेवार नहीं होगा।**

Sd/- 3/2/2017

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना